## ● सुनो, समझो और गाओ :

# २. फूल और काँटे

*– अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध'*

**जन्म :** १८६५, आजमगढ़ (उ.प्र.) **मृत्यु :** १९४७ **रचनाएँ :** प्रियप्रवास, पद्य प्रसून, वैदेही वनवास, अधखिला फूल, प्रेमकांता आदि ।
**परिचय :** अयोध्यासिंह उपाध्याय जी का खड़ी बोली हिंदी के प्रारंभिक कवियों में मूर्धन्य स्थान है । आप हिंदी के एक आधार स्तंभ हैं ।
प्रस्तुत कविता में कवि ने यह स्पष्ट किया है कि मनुष्य विशिष्ट कुल में जन्म लेने से नहीं बल्कि अपने कर्मों से ही बड़ा बनता है ।



### विचार मंथन

।। भूलकर भी न करें भूल–बनें फूल, नहीं शूल ।। निम्न आधार पर चर्चा करो :

भूल | फूल | शूल



हैं जनम लेते जगह में एक ही,
एक ही पौधा उन्हें है पालता,
रात में उनपर चमकता चाँद भी,
एक ही–सी चाँदनी है डालता ।।१।।

मेह उनपर है बरसता एक–सा,
एक–सी उनपर हवाएँ हैं बही,
पर सदा ही यह दिखाता है हमें,
ढंग उनके एक–से होते नहीं ।।२।।

❑ उचित हाव–भाव, लय–ताल के साथ कविता का पाठ करें । विद्यार्थियों से व्यक्तिगत, गुट में, सामूहिक सस्वर पाठ कराएँ । मौन पाठ कराके कविता के प्रमुख मुद्दों पर चर्चा कराएँ । प्रश्नोत्तर के माध्यम से कविता के भाव स्पष्ट करें ।



## स्वयं अध्ययन

दिए गए चित्रों से संबंधित सुनी हुई कोई कविता सुनाओ :

   

छेदकर काँटा किसी की उँगलियाँ,
फाड़ देता है किसी का वर वसन,
प्यार डूबी तितलियों के पर कतर,
भौंर का है वेध देता श्याम तन ।।३।।

फूल लेकर तितलियों को गोद में,
भौंर को अपना अनूठा रस पिला,
निज सुगंध 'औ' निराले रंग से,
है सदा देता कली जी की खिला ।।४।।



है खटकता एक सबकी आँख में,
दूसरा है सोहता सुर सीस पर,
किस तरह कुल की बड़ाई काम दे,
जो किसी में हो बड़प्पन की कसर ।।५।।



## मैंने समझा

---------------------------------------------------
---------------------------------------------------
---------------------------------------------------



## शब्द वाटिका

**नए शब्द**

**मेह** = बादल
**वर** = श्रेष्ठ, सुंदर
**वसन** = वस्त्र
**वेधना** = घायल करना
**भौंर** = भँवरा
**जी** = मन
**सोहना** = शोभा देना
**सीस** = सिर

**मुहावरा**

**जी की कली खिलना** = खुश होना



## बताओ तो सही

तुम्हें कौन-सा फूल पसंद है; क्यों ?
निम्नलिखित मुद्दों के आधार पर बताओ :

फूल का नाम
- उपयोग
- गंध

❑ **कृति/प्रश्न हेतु अध्यापन संकेत –** प्रत्येक कृति/प्रश्न को शीर्षक के साथ दिया गया है । दी गई प्रत्येक कृति/प्रश्न के लिए आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराएँ । क्षमताओं और कौशलों के आधार पर इन्हें विद्यार्थियों से हल करवाएँ । आवश्यकतानुसार विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए अन्य शिक्षकों की भी सहायता प्राप्त करें । 'दो शब्द' में दी गई सूचनाओं का पालन करें । **दिए गए सभी कृति/प्रश्नयुक्त स्वाध्यायों का उपयोग कक्षा में समयानुसार 'सतत सर्वंकष मूल्यमापन' के लिए करना है ।**



## खोजबीन

आसपास के पेड़-पौधों के नामों का वर्गीकरण करो :

| छोटे | मध्यम | बड़े |
|---|---|---|
| | | |
| | | |
| | | |



## वाचन जगत से

संकेत स्थल पर जाकर महाराष्ट्र राज्य के खादी ग्रामोद्योग की जानकारी पढ़ो और मुद्दों के आधार पर भाषण तैयार करो :

कपास → धागा → बुनाई → निर्माण प्रक्रिया → वितरण → विक्रय



## सदैव ध्यान में रखो

प्रत्येक परिस्थिति का सामना हँसते हुए करना चाहिए ।

**१. रिक्त स्थान की पूर्ति करो :**

(क) रात में उनपर ----- चाँद भी,
एक ही-सी ----- है डालता ।

(ख) प्यार डूबी तितलियों के ----- कतर,
भौंर का है वेध देता -----तन ।

**२. एक वाक्य में उत्तर लिखो :**

(च) फूल किनको गोद में लेता है ?

(छ) बड़प्पन की कसर रह जाने पर क्या काम नहीं देती ?

(ज) कौन एक-सा बरसता है ?

(झ) फूल किसको रस पिलाता है ?



## भाषा की ओर

निम्नलिखित वर्णों से समानार्थी और विरुद्धार्थी शब्दों की जोड़ियाँ ढूँढ़ो और अपने वाक्यों में प्रयोग करके कॉपी में लिखो :

L1PQ4Y

